

# जल-मल प्राधिकरण बोर्ड का प्रस्ताव भेजेंगे शासन को

▶ शहर में जल - मल की समस्या के लिए विशेषज्ञों की कमेटी बनाएंगे - महापौर

नव भारत न्यूज

**इंदौर. इंदौर में जल मल प्राधिकरण बोर्ड गठित करने के का प्रस्ताव शासन को भेजेंगे. शहर की पानी और ड्रेनेज समस्याओं के समाधान हेतु विशेषज्ञों की कमेटी बनाई जाएगी.**

उक्त बात आज इंदौर उत्थान अभियान समिति और महापौर के साथ जल मल समस्या और बोर्ड गठन की चर्चा में तय की गई है. आज इंदौर उत्थान अभियान समिति ने भागीरथपुरा घटना के बाद एआईसीटीएसएल सभाकक्ष में जल मल समस्याओं को लेकर महापौर के साथ बैठक की बैठक में जल मल प्राधिकरण बोर्ड गठित करने और पानी बचाने और राजस्व वसूली को लेकर प्रेजेंटेशन दिया गया. इसके बाद समिति के सदस्यों ने अपने सुझाव और दूसरे शहरों में पानी और ड्रेनेज सिस्टम के जानकारी दी. बैठक में इंदौर उत्थान अभियान के प्रमुख अजीत सिंह नारंग ने पावर पॉइंट प्रेजेंटेशन दिया. इस प्रेजेंटेशन में उन्होंने बताया कि इंदौर में सप्लाई किए जाने के दौरान नर्मदा पेयजल योजना का 34% पानी बर्बाद होता है. शहर में जलप्रदाय को व्यवस्थित करने और ड्रेनेज का निस्तारण करने के लिए 1973 में पहली बार तत्कालीन मुख्यमंत्री प्रकाश चंद्र सेठी ने जलमल बोर्ड के गठन की पहल की थी. वर्ष 1978 में जब राजेंद्र धारकर प्रदेश के नगरीय प्रशासन मंत्री थे, तब उनके द्वारा भी इस तरह की बोर्ड के गठन को मंजूरी दी गई थी. राज्य सरकार ने 1979 में इस तरह के बोर्ड के गठन को मंजूरी दी थी. कैलाश विजयवर्गीय जब महापौर इंदौर थे तब उन्होंने ने भी इस प्राधिकरण के गठन हेतु शासन को लिखा था.

### जलकर की दर का युक्तियुक्तकरण करना चाहिए

नारंग ने बताया कि इंदौर की जलप्रदाय योजना में जितना घाटा होता है, उसे उठाते हुए इस योजना को चला पाना इंदौर नगर निगम के लिए संभव नहीं है. इसके लिए आवश्यक है कि जल और मल निवारण प्राधिकरण का गठन किया जाए. हमें शहर में जलकर की दर का युक्तियुक्त करण करना चाहिए. गरीब नागरिकों को सस्ता, मध्यम वर्ग की नागरिकों को मध्य कीमत का और सक्षम नागरिकों को अधिक कीमत का जल प्रदान किया जाना चाहिए. हर नल पर मीटर लगाकर जितने पानी का उपयोग उतना पैसा की नीति को अपनाना होगा. इस तरह की नीति के माध्यम से हम नर्मदा पेयजल योजना को आत्मनिर्भर योजना के रूप में परिवर्तित कर पाएंगे. प्रति व्यक्ति 60 लीटर पानी प्रतिदिन प्रदान करना होगा. इसके साथ ही मल निकासी की दर भी निर्धारित की जाना चाहिए. देश के बड़े शहरों में 20 से 30% राशि मल निकासी के लिए ली जाती है. हम यदि अपने शहर में 10% राशि भी लेते हैं तो उससे पूरे सिस्टम को आत्मनिर्भर बन सकेंगे.

### विशेषज्ञ अधिकारी दिए जाएं

महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने कहा कि सैद्धांतिक तौर पर में जल प्रदाय मल निकासी प्राधिकरण के विचार से सहमत हूं. इसके लिए हम राज्य सरकार के समक्ष प्रस्ताव भेजेंगे. शहर में जल का वितरण एक बड़ी चुनौती है. अमृत 1.0 के तहत जो कार्य वर्ष 2018-19 तक पूरा हो जाना चाहिए था वह हमने 2022 में जाकर पूरा कराया है। अभी एक दो टंकी का काम और है जो की चल रहा है. भार्गव ने कहा कि अमृत 2.0 में हमें शहर की पुरानी पानी की सप्लाई लाइन को बदलना है. इसके साथ ही नए क्षेत्रों में पानी की लाइन भी डालना है. हम इंटेक की क्षमता को बढ़ा रहे हैं. नर्मदा पेयजल योजना के चौथे चरण का काम शुरू किया गया है जो की 2028 तक पूरा हो जाएगा. यह जरूरी है कि इंदौर में पानी, सीवरेज, सड़क के लिए विशेषज्ञ अधिकारी दिए जाएं. इंदौर की जलप्रदाय औ ड्रेनेज सिस्टम के लिए विशेषज्ञों की एक कमेटी बना दी जाएगी.

**हर घर पानी पहुंचाने में 700 रुपए महीने घाटा**-समिति सदस्यों के सुझाव पर महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने कहा कि संपत्ति कर नहीं भरने पर हम व्यक्ति की संपत्ति को सील कर देते हैं लेकिन जलकर नहीं भरने पर नल कनेक्शन नहीं काटा जाता है क्योंकि हमें मानवता को देखना है. इंदौर में हर घर जल पहुंचने पर 1000 रुपए खर्च आता है. हम नागरिकों से 300 रुपए प्रति माह जलकर लेते हैं. इस तरह से हर घर तक पानी पहुंचाने में 700 रुपए प्रति माह का घाटा है. नर्मदा पेयजल योजना का बिजली का बिल 350 करोड़ रुपए प्रति वर्ष का होता है. सोलर पैनल शुरू हो जाने पर इसमें 60 करोड़ रुपए प्रति वर्ष की बचत होगी.

# मेट्रो ने शिवाजी मार्केट पार्किंग तोड़ने का किया भुगतान

▶ एमजी रोड पर हो रहा स्टेशन का निर्माण

नव भारत न्यूज

**इंदौर.** मध्यप्रदेश मेट्रो रेल एमजी रोड पर स्टेशन निर्माण कर रहा है. मेट्रो स्टेशन में आने जाने में शिवाजी मार्केट का पार्किंग बाधक है. नगर निगम ने उक्त पार्किंग बनाया था. मेट्रो रेल विभाग ने पार्किंग भवन तोड़ने का भुगतान कर दिया है.

नगर निगम ने शहर में पार्किंग व्यवस्था के लिए शिवाजी मार्केट में बहुमंजिला पार्किंग का निर्माण किया था. उक्त बहुमंजिला पार्किंग जेएनयूआरएम योजना में शहरी विकास में यातायात व्यवस्था को दुरुस्त करने के लिए बनाया गया था. यह बात अलग है कि शिवाजी मार्केट में नगर निगम द्वारा निर्मित पार्किंग उपयोग नहीं हो रहा था. देखरेख और रखरखाव के अभाव में बहुमंजिला पार्किंग धूल खा रहा है. मेट्रो रेल विभाग ने स्टेशन के लिए जगह कम पड़ने को लेकर नगर निगम परिसर की जगह मांगी थी. इसको लेकर नगर निगम आयुक्त, महापौर के साथ बैठक में तय हुआ कि निगम परिसर की जगह नहीं दे सकते है, इसलिए मेट्रो को शिवाजी मार्केट स्थित बहुमंजिला पार्किंग हटाकर स्टेशन विस्तार की जगह देने पर सहमति दी गई है.



### लिखित अनुमति ली

सूत्रों ने बताया कि निगम ने मेट्रो को बहुमंजिला पार्किंग हटाने की अनुमति देने के एवज में 2 करोड़ रुपए का भुगतान किया है. मेट्रो द्वारा उक्त बहुमंजिला पार्किंग तोड़ने की लिखित अनुमति निगम से ली है.

# एमआर 10 पर 3 किलोमीटर से ज्यादा लंबा जाम

नव भारत न्यूज

**इंदौर**. इंदौर में किसी भी सड़क पर यातायात जाम होना आम बात हो गई है. पुलिस शहर में यातायात जागरूकता के लिए हेलमेट वाहन रैली निकाल रही है. अब सवाल यह है कि यातायात सुचारू चलाना जरूरी है या हेलमेट वाहन रैली निकालना?

आज शाम 6 बजे के करीब लव कुश चौराहे से लेकर एमआर 10 फ्लाई ओवर ब्रिज तक करीब 3 किलोमीटर लंबा जाम लगा हुआ था. स्थिति यह थी कि एमआर 10 सड़क की सर्विस रोड भी जाम हो गई थी. मतलब यह कि कहीं से भी वाहन चालकों को निकलने का रास्ता नहीं था. हर तरफ बुरी तरह से वाहन फंस गए थे. इसका कारण यह था कि एमआर-10 पर एक सिटी बस खराब होकर मौके पर ही खड़ी थी. खराब सिटी बस को हटाने के लिए यातायात विभाग की उदासीनता साफ नजर आ रही थी. यातायात विभाग जाम खोलने के लिए तुरंत क्रेन बुलावा कर सिटी बस को एमआर 10 फ्लाई ओवर ब्रिज से सर्विस रोड पर खड़ी करवा सकता था, लेकिन बस वहीं खड़ी रही और वाहन चालक परेशान होते रहे. एक तरफ जाम लगने से सीधे चालकों ने दूसरी तरफ रॉन्ग साइड गाड़ी घुसा दी और दूसरी तरफ भी जाम लग गया. बची सर्विस रोड तो उस पर भी वाहन चालक जल्दी निकलने के चक्कर उल्टे सीधे घुस गए और हर तरह यातायात जाम और गाडियां जा गाडियां नजर आ रही थी. इस बीच वाहनों के हॉर्न का शोर और प्रदूषण के साथ कच्ची सड़कों की धूल से दो पहिया वाहन चालक बुरी तरह परेशान हो रहे थे.

## एक नजर में

### बंधन बैंक का कुल कारोबार 3 लाख करोड़ रुपए के पार

इंदौर. बंधन बैंक ने वित्त वर्ष 2025-26 की तीसरी तिमाही के वित्तीय परिणाम की घोषणा की. बैंक का कुल कारोबार 11% से बढ़कर 3.02 लाख करोड़ रुपये हो गया. बैंक के कुल जमा में खुदरा (रिटेल) खंड की हिस्सेदारी अब 72% है. तीसरी तिमाही में दर्ज व्यावसायिक वृद्धि का प्रमुख आधार बैंक के विस्तारित वितरण नेटवर्क, बेहतर परिचालन दक्षता और अनुकूल व्यावसायिक माहौल रहा. बैंक के प्रबंध निदेशक और मुख्य कार्यकारी, पार्थ प्रतिम सेनगुप्ता ने इस प्रदर्शन के बारे में कहा पिछली तिमाहियों की तुलना में बंधन बैंक की तीसरी तिमाही का प्रदर्शन बुनियादी तत्वों में मज़बूती और निरंतर सुधार को दर्शाता है. चौथी तिमाही में, हम ग्राहकों के अनुभव, परिचालन दक्षता और विस्तारयोग्यता बढ़ाने के उद्देश्य से कई डिजिटल पहलों में तेज़ी लाने के लिए तैयार हैं.

### डीएसपी ने ईएलएसएस को टूल के तौर पर पेश किया

इंदौर. डीएसपी म्यूचुअल फ़ंड ने एक ऐसे परिप्रेक्ष्य की ओर संकेत किया है जो इक्विटी लिंक्ड सेविंग स्कीम (ईएलएसएस ) को मुख्य रूप से टैक्स-सेविंग उपकरणों के रूप में नहीं, बल्कि ऐसे प्रोडक्ट के रूप में दिखाता है जो लंबे समय तक इंवेस्टिग में व्यवहार संबंधी दूरी को कम करने में सहायता कर सकते हैं. डीएसपी म्यूचुअल फ़ंड के हेड- कंज़्यूमर ग्रोथ मार्केटिंग, मनीष राठी ने कहा इंवेस्टर्स के परिणाम अक्सर प्रोडक्ट सिलेक्शन से कम और व्यवहार से ज़्यादा प्रभावित होते हैं. अस्थिरता की अवधि में, इंवेस्टर्स जल्दी बाहर निकलते हैं, गति का पीछा करते हैं या बाज़ार की शॉर्ट-टर्म उठा-पटक का जवाब देते हैं. ईएलएसएस की लॉक-इन सुविधा इंवेस्टर्स को साइकल के ज़रिए इंवेस्ट करने के लिए प्रोत्साहित करके इन रुझानों को कम करने में मदद कर सकती है.

### अमेजन की सेल में दैनिक उपयोग की चीजों पर ऑफर

इंदौर. अमेजन ग्रोसरी, अमेजन इंडिया की ग्रेट रिपब्लिक डे सेल के तहत गणतंत्र दिवस के लंबे वीकेंड के लिए खास तौर पर तैयार की गई शॉपिंग विकल्पों को एक साथ ला रहा है. इसमें ताज़ा फल-सब्जियों, रोजमर्रा की जरूरतों, बेबी केयर, पालतू जानवरों की चीज़ों और वेलनेस प्रोडक्ट्स पर 70% तक की बचत का मौका मिलेगा. ग्राहक किराना, बेबी केयर, पेट एसेंशियल्स, वेलनेस और गॉर मे ग्रॉसरी से जुड़े भरोसेमंद ब्रांड्स की बड़ी रेंज में से खरीदारी कर सकते हैं. एसबीआई क्रेडिट कार्ड और ईएमआई लेनदेन पर 10% तक की तुरंत बचत मिलेगी, वहीं प्राईम सदस्यों को कूपन के ज़रिए अतिरिक्त 15% तक की छूट का लाभ भी मिलेगा.

### एलजी इलेक्ट्रॉनिक्स ने उद्योग में बनाई बढ़त

इंदौर. गर्मियों के पीक सीजन से पहले एलजी इलेक्ट्रॉनिक्स ने घोषणा की है कि वह 2026 के नए ब्यूरो ऑफ एनर्जी एफिशिएंसी (बीईई) स्टार रेटिंग मानकों के पूरी तरह अनुरूप एयर कंडीशनरों की व्यापक रेंज पेश करने वाली शुरुआती कंपनियों में शामिल है. एलजीईआईएल की यह अग्रिम पहल सुनिश्चित करती है कि भारतीय उपभोक्ताओं को आज ही सबसे उन्नत और ऊर्जा-कुशल कूलिंग तकनीक उपलब्ध हो सके. संजय चितकारा, को-चीफ सेल्स एंड मार्केटिंग ऑफिसर, एलजी इलेक्ट्रॉनिक्स इंडिया लिमिटेड ने कहा, जैसे-जैसे भारत सख्त ऊर्जा दक्षता मानकों की ओर बढ़ रहा है, एलजी इलेक्ट्रॉनिक्स इंडिया लिमिटेड इस बदलाव को शुरुआती अनुपालन और भविष्य के लिए तैयार उत्पाद नवाचार के माध्यम से समर्थन देने के लिए प्रतिबद्ध है.

### टाटा प्ले बिंज ने पेश किया 'शॉट्स'

इंदौर. टाटा प्ले बिंज ने अपने मंच पर 'शॉट्स' नाम से एक नया कंटेंट शुरू किया है. शॉट्स सभी टाटा प्ले बिंज सब्सक्राइबर्स को बिना किसी अतिरिक्त शुल्क के मिलेगा. शॉट्स में 1-2 मिनट के छोटे एपिसोड हैं, जो खास तौर पर मोबाइल पर देखने के लिए बनाए गए हैं. ये वीडियो सफर करते समय, लाइन में खड़े होकर या छोटे अवकाश के दौरान आसानी से देखे जा सकते हैं. टाटा प्ले की चीफ कमर्शियल और कंटेंट ऑफिसर पल्लवी पुरी ने बताया कि, छोटे और सीधे (वर्टिकल) वीडियो अब बहुत तेजी से लोगों के बीच लोकप्रिय हो गए हैं और मोबाइल पर वीडियो देखना एक आम तरीका बन चुका है. लोग अब तुरंत और बार-बार वीडियो देखना पसंद करते हैं. इसी को ध्यान में रखते हुए हमने शॉट्स पेश किया है जो इन नई आदतों से मेल खाता है. यह अलग-अलग साझेदारों के लघु नाटक एक ही जगह उपलब्ध कराता है.

### मप्र में बस बुकिंग में 39% वृद्धि का अनुमान

इंदौर. जैसे ही मध्य प्रदेश गणतंत्र दिवस के लंबे वीकेंड की तैयारी कर रहा है, राज्यभर में अंतर-शहरी बस यात्रा में तेज़ उछाल देखने को मिल रहा है. रेडबस प्लेटफ़ॉर्म के आंकड़ों के अनुसार, गणतंत्र दिवस ट्रैवल विंडो के दौरान मध्य प्रदेश में बस बुकिंग में 39% की वृद्धि का अनुमान है. यह विश्लेषण 23 से 26 जनवरी के बीच की गई बुकिंग्स की तुलना पिछले वर्ष की समान अवधि (24 से 27 जनवरी 2025) से करता है, जो छोटे अवकाश ट्रिप्स और पारिवारिक यात्राओं की मांग में तेज़ बढ़ोतरी को दर्शाता है. गणतंत्र दिवस यात्रा की बढ़ती मांग के बीच, रेडबस 8 जनवरी से 26 जनवरी तक अपनी डिस्कवर भारत सेल चला रहा है. इस सेल के तहत देशभर में यात्रा के व्यापक विकल्प उपलब्ध कराए जा रहे हैं, जिनमें बस किराए 299 रुपए प्रति सीट से शुरू हो रहे हैं. इस सेल में बसों, ट्रेनों और होटलों पर 50% तक की छूट शामिल है.

# विद्याधाम पर आज बसंतोत्सव की बेला में होगा प्रतिमाओं का नयनाभिराम श्रृंगार



इंदौर. विमानतल मार्ग स्थित श्री श्रीविद्याधाम पर चल रहे प्रकाशोत्सव में पांचवे दिन बसंतोत्सव के उपलक्ष्य में मंदिर स्थित सभी प्रतिमाओं का नयनाभिराम श्रृंगार कर पूजन अर्चन किया जाएगा. सभी देव प्रतिमाओं को केशरिया परिधान में श्रृंगारित किया जाएगा. मंदिर पर गुरुवार को माँ ललिता पराम्बा का देवी कुस्मांडा के रूप में श्रृंगार किया गया. उधर, मंदिर पर चल रहे सग्रहमख ललिताम्बा महायज्ञ में स्वाहाकार की मंगल ध्वनि जारी है.

आश्रम परिवार के सुरेश शाहरा, पं. दिनेश शर्मा एवं राजेंद्र महाजन ने बताया कि बसंत पंचमी के पावन पर्व पर महामंडलेश्वर स्वामी चिन्मयानंद सरस्वती के सानिध्य में मंदिर स्थित सभी देव प्रतिमाओं का आकर्षक श्रृंगार किया जाएगा। भगवती के नित्य नूतन और मनोहारी श्रृंगार का जिम्मा आचार्य पं. लोकेश शर्मा और उनके साथी निभा रहे हैं. आश्रम से जुड़े रमेश पसारी, रमेश राठोर एवं संजय पंडित ने बताया कि 25 जनवरी को सुबह 9.30 बजे से पूज्य भगवन के श्रीविग्रह एवं पादुका पूजन अभिषेक एवं आरती तथा शाम 6 बजे नर्मदा जयंती के उपलक्ष्य में नर्मदा के पवित्र जल में माँ का नयनाभिराम नौकाविहार होगा.

# लाहुजी नगर दूसरा भागीरथपुरा बनने की राह पर

▶ 10 दिन में हालात नहीं सुधरे तो करेंगे चक्काजाम : चौकसे

नव भारत न्यूज

**इंदौर. शहर में निगम की लापरवाही से लाहुजी नगर दूसरा भागीरथपुरा जैसे कांड होने की कगार पर खड़ा है. उक्त लाहूजी नगर में राजबाड़ा के विस्थापितों को बसाया गया था. यहां के लोग हकीकत में नारकीय जीवन जीने को मजबूर हैं और चारों तरफ गंदगी का साम्राज्य फैला हुआ है.**





नगर निगम में नेता प्रतिपक्ष चिंटू चौकसे ने कल उक्त लाहुजी नगर का दौरा किया. मौके पर देखकर आश्चर्यचकित रह गए कि वहां पर चारों तरफ गंदगी फैली हुई है. ड्रेनेज का पानी पूरे रास्ते पर भरा हुआ है. उसी के बीच में से लोग घर में पीने का पानी लेकर जा रहे हैं. हर तरफ गंदगी, बदबू और मच्छर फैले हुए हैं. लोग हकीकत में नारकीय जीवन जी रहे हैं. यहां पर लोगों को नगर निगम द्वारा राजवाड़ा क्षेत्र से विस्थापित करते हुए लाकर बसाया गया था. ऐसे हालात में कभी भी महामारी फैल सकती है.

**समाधान नहीं हुआ तो करेंगे चक्काचाम**-चौकसे ने कहा है कि निगम की लापरवाही से लाहुजी नगर दूसरा भागीरथपुरा बनने की राह पर है। यदि 10 दिन में निगम द्वारा समस्या का समाधान नहीं किया गया, तो कांग्रेस ने चक्का जाम करने की चेतावनी दी है.

# लघुकथा लेखक के लिए कठिन, परंतु पाठक के लिए सरल

▶ 'तीन पड़ाव जीवन' का लोकार्पण

**इंदौर. किसी भी रचना का सृजन हमेशा ही लेखक के समक्ष विविध चुनौतियां प्रस्तुत करता है और चूंकि लघुकथा का कलेवर छोटा और अपेक्षा बड़ी होती है, यह लेखक के लिये लेखन में कठिन परंतु आकार में छोटी होने के चलते पाठक के लिए वाचन में सरल होती है.**



यह विचार प्रसिद्ध कवि व साहित्यकार डॉ. आशुतोष दुबे ने साझा लघुकथा संकलन 'तीन पड़ाव जीवन' के लोकार्पण के अवसर पर व्यक्त किये. आपने आगे कहा कि इस प्रकार के नवाचार विधा को पोषित करेंगे और इसमें वर्तमान की नयी दुनिया दिखाई देती है. आपने रचनाधर्मिता में दृश्यांकन, कल्पकता और प्रतीकात्मकता को क्रमश: तीनों लेखकों की विशेषता के रुप में निरुपित किया.इस अवसर पर संकलन पर अपने विचार रखते हुए वरिष्ठ साहित्यकार ज्योति जैन ने संकलन के तीनों रचनाकारों क्रमश: अंतरा करवड़े, डॉ. वसुधा गाडगिल, डॉ. पुरुषोत्तम दुबे के बाल्यावस्था, यौवनावस्था और वृद्धावस्था के प्रति समर्पित रचनाओं पर विस्तार से अपनी बात रखी. वीणा संवाद केन्द्र इंदौर के बैनर तले आयोजित इस कार्यक्रम में अध्यक्ष के रुप में मौजूद, श्री मध्यभारत हिंदी साहित्य समिति के प्रधानमंत्री अरविंद जवलेकर ने इस नवाचार की सराहना की.

### रचनाओं का पाठ किया

इस अवसर पर तीनों रचनाकारों ने इस संकलन की रचना प्रक्रिया से संबंधित अपने अनुभव साझा करते हुए प्रतिनिधि रचनाओं का पाठ भी किया. वामा साहित्य मंच द्वारा रचनाकारों का सम्मान किया गया. संचालन किया वाणी जोशी ने किया. आभार सचिन करवड़े ने माना. इस अवसर पर इंदु पाराशर, दीपा व्यास, वैजयन्ती दाते, शशि निगम, तनूजा चौबे, डॉ. योगेन्द्रनाथ शुक्ल, दीपक गिरकर, सुरेश रायकवार, हरेराम वाजपेयी, राजेश शर्मा सहित अनेक साहित्य प्रेमी उपस्थित थे.




# नेशनल स्किल ट्रेंनिंग प्रोवाइडर मप्र टीम की बैठक संपन्न

इंदौर. एनएसटीपीए अर्थात नेशनल स्किल ट्रेंनिंग प्रोवाइडर संगठन मध्य प्रदेश की रिव्यू बैठक का आयोजन सेज यूनिवर्सिटी केंपस में किया गया. उक्त बैठक में एनएसटीपीए मध्य प्रदेश के प्रेसिडेंट राजकुमार सोनी वॉइस सेक्रेटरी संजीव व्यास, राहुल रावत, अजीत सिंह मंडलोई, चेतन वर्मा, सौरभ श्रीवास्तव एवं संजय प्रमुख रूप से उपस्थित रहे. बैठक में स्किल डेवलपमेंट से संबंधित ट्रेनिंग पार्टनर्स की समस्याओं उनके समाधान एवं भविष्य की कार्यपालियों पर चर्चा की गई. उक्त बैठक मे मध्य प्रदेश की टीम का पुनर्गठन किया गया. संजीव व्यास द्वारा मध्य प्रदेश की टीम में अलग-अलग जॉन इंदौर भोपाल जबलपुर ग्वालियर उज्जैन रीवा में डिवाइंड करके उपस्थित पदाधिकारी को एक-एक जॉन की जिम्मेदारी दी गई. उक्त बैठक में एनएसटीपीए के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री गिरिराज इन शिरगे सेक्रेटरी हवा सिंह, अनिल छिपा के द्वारा ऑनलाइन वीसी के माध्यम से समस्त पदाधिकारी का स्वागत कर उन्हें मार्गदर्शन प्रदान किया गया.

# चार दिवसीय क्रेडाई प्रॉपर्टी शो का शुभारंभ आज

**इंदौर.** सी21 एस्टेट ग्राउंड, एम आर 10 पर शहर के सबसे बड़े क्रेडाई प्रॉपर्टी शो 2026 का शुभारम्भ शुक्रवार को मुख्य अतिथि विनोद अग्रवाल द्वारा किया जाएगा. चार दिन 23 से 26 जनवरी तक आयोजित इस शो में सभी प्रतिभागी बिल्डर्स जोरशोर से भाग ले रहे है. उद्घाटन समारोह के इस विशेष मौके पर उनके साथ क्रेडाई इंदौर के सभी मेंबर्स भी उपस्थित रहेंगे. विज़िटर्स ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन और ऑन स्पॉट रजिस्ट्रेशन करवाकर हर तीन घंटे में आईपैड जीतने का मौका भी पा सकते है. यहाँ प्रॉपर्टी के 200 से अधिक ऑप्शंस प्रदर्शित प्रदर्शित किये जा रहे हैं.

क्रेडाई के चेयरमैन विजय गांधी ने कहा कि शहर को विकसित करने में क्रेडाई सदस्यों का महत्वपूर्ण योगदान है क्रेडाई द्वारा ग्राहक और डेवलपर्स के मध्य सेतु का कार्य किया है. क्रेडाई इंदौर के प्रेसिडेंट संदीप श्रीवास्तव ने कहा कि प्रॉपर्टी शो में डेवलपर्स द्वारा विज़िटर्स को रेडी टू मूव हाउसेस, अंडर कंस्ट्रक्शन व रेडी पजेशन प्रॉपर्टी के ऑप्शंस दिखाए जा रहे हैं. विशेष बात यह है कि यह सभी ऑप्शंस विज़िटर्स के बजट के अनुरूप है. क्रेडाई सेक्रेटरी सुमित मंत्री ने कहा, कि हालिया माहौल में लोग प्रॉपर्टी में इन्वेस्ट करने में ज्यादा इंटरेस्टेड है. ऐसे में इस तरह के शो उनके लिए एक सुनहरा अवसर है, जहां वह अपने सपने को पूरा कर सकते हैं. एमरल्ड डेवलपर्स के सीईओ तपन अग्रवाल ने कहा कि इंदौर रिवर्स माइग्रेशन, आईटी व कॉरपोरेट विस्तार और धार्मिक पर्यटन के चलते तेजी से देश के सबसे भरोसेमंद रियल एस्टेट बाजारों में शामिल हो रहा है.

एक नजर में ▶ जीवन उमंग बालिका छात्रावास का वार्षिकोत्सव हर्षोल्लास से संपन्न

# इतिहास को दर्शाती प्रस्तुतियों से समाज को जोड़ने का संदेश

**इंदौर.** सेवा भारती द्वारा संचालित जीवन उमंग बालिका छात्रावास का वार्षिकोत्सव कार्यक्रम सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल के ऑडिटोरियम में संपन्न हुआ.

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सेवानिवृत्त मुख्य आयकर आयुक्त शशिभूषण प्रसाद रहे. विशेष अतिथि के रूप में प्राचार्या द मिलेनियम स्कूल संगीता उप्पल एवं मुख्य वक्ता मालवा प्रांत संपर्क प्रमुख विवेक दुबे की उपस्थिति थे. इस अवसर पर जीवन उमंग बालिका छात्रावास की बालिकाओं ने भारतीय संस्कृति, संस्कार एवं सनातन मूल्यों को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से विविध सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ दी. कार्यक्रम में सनातन परंपरा, सांस्कृतिक धरोहर, पंच परिवर्तन एवं गौरवशाली इतिहास को दर्शाती प्रस्तुतियों के माध्यम से समाज को जोड़ने का संदेश दिया गया. इसके अंतर्गत पंच परिवर्तन पर आधारित प्रस्तुति, नागरिक अनुशासन एवं ट्रैफिक नियमों के पालन पर नाट्य मंचन विशेष आकर्षण का केंद्र रहा.




### मनमोहक प्रस्तुतियां दीं

बालिकाओं द्वारा गणेश वंदना, योग प्रदर्शन, लोकनृत्य, राष्ट्र वंदना, सिंदूर ऑपरेशन, नरसिंह एवं श्रीरामजी जैसे गीतों पर मनमोहक प्रस्तुतियाँ दी गईं, जिन्हें उपस्थित जनसमूह ने खूब सराहा. संचालन भी छात्रावास की बालिकाओं द्वारा किया गया. लगभग 300 से अधिक सहभागियों की उपस्थिति से कार्यक्रम अत्यंत प्रेरणादायक एवं स्मरणीय रहा.